आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.06.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– उन्हें गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश में गए सर्वदलीय शिष्टमंडलों ने दुनियाभर को भारत की नीतियों से प्रभावी ढंग से अवगत कराया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रदेश में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रही क्षति से निपटने के लिए घेरबाड़ योजना के संबंध में चर्चा की।
- मानस खंड विज्ञान केंद्र, अल्मोड़ा में भौगोलिक सूचना प्रणाली और रिमोट सेंसिंग पर 15 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू।
- मौसम विभाग ने आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

**बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में जिस प्रकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया करने की आवश्यकता के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया उस पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के 33 देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में अपने अनुभव साझा किए। अमरीका में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राष्ट्र की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की।

**कृशि मंत्री मुलाकात**

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रही क्षति से निपटने के लिए घेरबाड़ योजना के संबंध में चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि कृषि मंत्रालय की टीम देहरादून में बैठक करने के बाद इस समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक निर्णय लेगी। श्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री को 14 और 15 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले एग्री मित्रा उत्तराखण्ड– 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया, जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**एसडीआरएफ**

केदारनाथ धाम से बाबा के दर्शन कर लौट रहे उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के छह युवक कल रात रामबाड़ा के पास नदी पार करते समय फंस गए। इस दौरान एक युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। एसडीआरएफ ने शेष पांचों युवकों को बचा लिया है। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने रात लगभग 11 बजे एसडीआरएफ को सूचना दी कि लिनचोली के पास नदी में पांच व्यक्ति फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ भीमबली की टीम पहुंची। टीम ने पांचों युवकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बचा लिया। इन युवकों ने टीम को बताया कि वे अलीगढ़ के रहने वाले हैं। बाबा के दर्शन के बाद छोटे रास्ते से गरुड़चट्टी की ओर जा रहे थे और रामबाड़ा क्षेत्र में नदी पार करते समय वह फंस गए थे। इस दौरान उनका एक साथी बह गया।

**बैठक हरिद्वार**

जुलाई के पहले हफ्ते से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज़ कर दी हैं। देशभर से लाखों श्रद्धालु हर साल इस यात्रा में शामिल होते हैं। ऐसे में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित कराना प्रशासन के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इस संबंध में आयोजित बैठक में यात्रियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, साफ–सफाई, पेयजल आदि महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके अलावा

उन्होंने जिला योजना, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**ध्यान गुफा**

केदारनाथ स्थित ध्यान गुफा में इस यात्रा काल के 40 दिनों में 18 श्रद्धालु साधना कर चुके हैं। मई माह में यहां 14 साधकों ने साधना की थी। दो मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में पहले सप्ताह में हुए मौसम और अन्य घटनाओं के चलते ध्यान गुफा की बुकिंग के बावजूद यात्री नहीं पहुंच पाये थे। हालात सामान्य होते ही ध्यान गुफा में साधना के लिए यात्री लगातार पहुंच रहे हैं। इस यात्राकाल में बीते 18 मई को मुंबई की चांदनी कनोरिया पहली साधक थीं, जिन्होंने ध्यान गुफा में साधना की। इसके बाद देश के अलग–अलग प्रांतों से 13 यात्रियों ने साधक के रूप में ध्यान गुफा में ध्यान किया। गढ़वाल मंडल विकास निगम के केदारनाथ प्रबंधक गिरवीर सिंह रावत ने बताया कि जून माह में अभी तक चार श्रद्धालु ध्यान गुफा में ध्यान और साधना कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्राकाल में कुल 18 साधक ध्यान गुफा में योग व ध्यान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस बार ध्यान गुफा की बुकिंग दरों में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

**राज्य स्तरीय कार्यशाला**

मानस खंड विज्ञान केंद्र, अल्मोड़ा में भौगोलिक सूचना प्रणाली और रिमोट सेंसिंग पर 15 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हो गई है। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि जीआईएस और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीक आज वैज्ञानिक, सामाजिक विकास और पर्यावरणीय क्षेत्रों में कार्यों की आधारशिला बन गई है। इसी को देखते कार्यशाला आयोजित की गई है।

मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि यह कार्यशाला स्थानीय स्तर पर डेटा आधारित योजना और प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों के शैक्षिक संस्थानों के छात्र और शोधार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर सहित 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोकेदार हवाएं चलने का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, बागेश्वर जिले के अधिकांश हिस्सों में आज सुबह से रुक–रुक कर तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, खरीफ फसलों की बुआई की तैयारी कर रहे किसानों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है। धान और मक्का की फसल के लिए यह बारिश वरदान मानी जा रही है।

**नशा मुक्त/योग सत्र**

समाज कल्याण विभाग, पौड़ी और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गोविंद बल्लभ पंत अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, घुड़दौड़ी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता व योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और योग को जीवनशैली में अपनाने पर बल दिया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। डॉ. अंजू अग्रवाल ने नशामुक्ति में ''योग और प्राणायाम की उपयोगिता'' विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कैसे नियमित योगाभ्यास मानसिक संतुलन और आत्मनियंत्रण को बढ़ाकर नशे की आदत से बचा जा सकता है।